## वार्षिक विवरण (सत्र 2023–24)
### महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचयः–

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय हरियाणा की प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थाओं में से एक है जो महिला शिक्षा के प्रति पूर्णतया समर्पित है। इस संस्था की स्थापना 1935 में स्व. राय फतेहचन्द द्वारा लाहौर में की गई थी। भारत–पाक विभाजन के पश्चात् तत्कालीन कर्मठ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. पंडित ठाकुरदास भार्गव, स्व. सेठ जसवंत राय, पंडित नानकचंद बार–एट–लॉ, स्व. बख्शी रामकिशन और स्व. बाबू महावीर प्रसाद के अनथक प्रयत्नों के फलस्वरूप सन् 1954 ई. में इस संस्था की पुनः स्थापना हिसार में हुई। प्रारंभिक काल में प्रबंधकर्त्री समिति के प्रथम सचिव डॉ. राजेंद्रनाथ, स्व. बख्शी रामकिशन, संस्थापक प्राचार्य भाई बालमुकुन्द, स्व. बाबू महावीर प्रसाद व सुश्री जानकी चोपड़ा के कुशल मार्गदर्शन में संस्था ने आशातीत उन्नति की। इन्होंने अपने कठिन परिश्रम से आस–पास के क्षेत्रों में इसे सुप्रसिद्ध बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

महाविद्यालय वर्तमान परिवर्तित परिस्थितियों के अनुकुल तीव्र गति से विकास कर रहा है तथा शिक्षा को रोजगारन्मुखी बनाने की दिशा में संतत् प्रयत्नशील है। वर्तमान समय में महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर की तथा वाणिज्य, मनोविज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, समाजशास्त्र, इतिहास, योगा एवं पी.जी. डिप्लोमा इन योगा विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध है। कला संकाय में अनिवार्य भाषाओं के अतिरिक्त विविध ऐच्छिक विषय समाहित किए गए है। विज्ञान संकाय में मेडिकल, नॉन मेडिकल के अतिरिक्त कंप्यूटर विज्ञान एवम् बायोटैक विषय उपलब्ध हैं। महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में 7 अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशालाएं है जिनमें आधुनिक तकनीक से युक्त 145 कंप्यूटर उपलब्ध हैं।

स्नातक उपाधि को रोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से Information & Communication, Copy Editing and Web Designing तथा Library Science विषय से सम्बन्धित Add-on-course भी उपलब्ध है। महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य सुचारु एवम् सुविधापूर्वक चलाने के उद्देश्य से उच्चशिक्षित एवम् समर्पित प्राध्यापक वर्ग सदैव सक्रिय रहता है। प्रदूषण रहित एवं शांत वातावरण में स्थित महाविद्यालय में दो Lecture Theatres, दो छात्रावास, समृद्ध पुस्तकालय, बहुउद्देशीय सभागार, कॉमन रूम, सेमिनार रूम, कैन्टीन, इनडोर स्टेडियम, जनरेटर, जिम एवं आधुनिक उपकरणों से युक्त, सुव्यवस्थित प्रयोगशालाओं की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वर्तमान समय में श्री रामकुमार रावलवासिया अध्यक्ष फतेहचन्द महिला महाविद्यालय सोसाईटी एवं प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में संस्था की निरन्तर उन्नति हो रही है। इस संदर्भ में हम संस्था की प्रबंध समिति तथा सोसायटी के कर्मठ एवं उदार सदस्यों के हार्दिक आभारी है जिनका सहयोग एवं आशीर्वाद सदैव हमारी छात्राओं को मिलता रहा है। यह महाविद्यालय राज्य की प्रतिष्ठित महिला शिक्षण संस्थानों में से एक है जो शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नित नए कीर्तिमान के साथ महिला शिक्षा प्रसार मे अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहा है।

महाविद्यालय का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षित करना एवं आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना ही नहीं अपितु उनका सर्वांगीण विकास करना है। यह संस्था छात्राओं को तीव्र एवं नित्य परिवर्तित होती सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के अनुकुल बनाती हुई देश की स्वाभिमानी एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की प्रेरणा देती है। निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त छात्राएं समय–समय पर होने वाले विभिन्न आयोजनों द्वारा भारतीय संस्कृति के मूल स्वरुप को अक्षुण्ण बनाए रखने के अनेक अवसर प्रदान करती हैं।

**भवन विस्तार (सत्र् 2023–24)**
महाविद्यालय में 6 नए कक्षा–कक्ष एवं स्टॉफ वाहन पार्किंग का निर्माण हुआ तथा योगा भवन निर्माणाधीन है।

**छात्र संख्या एवं पाठ्य विषय (सत्र 2023–24)**
सत्र 2023–24 में महाविद्यालय में 2947 छात्राएं पंजीकृत हुई। संस्था में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक तथा पी0जी0 डिप्लोमा इन योगा, एम0 योगा, मनोविज्ञान, वाणिज्य, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, इतिहास, समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा दी जाती है।

## Add-on-career oriented courses

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रमों के अध्ययन की भी व्यवस्था है। इसमें Information and Communication Library Science, Copy Editing and Web Designing में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा एवं एडवांस्ड डिप्लोमा प्राप्त करने का प्रावधान है। ये कोर्स स्नातक एवं स्नातकोतर की छात्राएं अपने पाठ्य विषयों के साथ कर सकती है।

**छात्रवृत्तियाँ**

हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि भारत सरकार, हरियाणा सरकार एवं विश्वविद्यालय छात्रवृत्तियों के अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं योग्य छात्राओं को अनेक छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है जिसमें जरूरतमंद योग्य छात्राएं अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्देश्य को प्राप्त करती हैं।

**छात्रवृत्तियां (सत्र 2023–24)**
हमारे लिए सौभाग्य का विषय है कि भारत सरकार, हरियाणा सरकार एवं विश्वद्यिालय छात्रवृतियों के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं योग्य छात्राओं को अनेक छात्रवृतियां प्रदान की जाती है जिसमें जरूरतमंद योग्य छात्राएं अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने उद्देश्य को प्राप्त करती हैं।

1. भारत सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियों के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों (SC) पिछड़ा वर्ग (BC) में आने वाली छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है।
2. Stiphend Scheme to Grand Children of Freedom Fighter के अन्तर्गत आने वाली छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है।
3. हरियाणा सरकार द्वारा राज्य मैरिट छात्रवृत्ति UG और PG की छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है।
4. Central Sector Scheme for College and University Student Scheme के अन्तर्गत मैरिट में आने वाली छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती है।

**वित्तीय सहायता (सत्र 2023–24)**

महाविद्यालय से संबंध रखने वाले अनेक शिक्षाविद, दानवीर तथा अनेक इकाईयों के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

1. S.A.F. के अन्तर्गत 26 छात्राओं को 37600 रूपये की राशि वितरित की गई।
2. P.T.A. के अन्तर्गत 8 छात्राओं को 17613 रूपये की राशि वितरित की गई।
3. Red Cross Unit के अन्तर्गत 23 छात्राओं को 28400 रूपये की राशि वितरित की गई।
4. O.S.A. के अन्तर्गत 35 छात्राओं को 85000 रूपये की राशि वितरित की गई।
5. स्व0 बाबू धर्मपाल सर्राफ जी की ओर से 15 छात्राओं को 33000 रूपये की राशि वितरित की गई।
6. स्व0 एन0सी0 अग्रवाल जी की ओर से 02 छात्राओं को 4000 रूपये की राशि वितरित की गई।
7. श्रीमती निशा भाटिया जी ने 01 छात्रा को 1500 रूपये की राशि वितरित की गई।
8. डॉ0 चंद्रकला जी की ओर से 02 छात्राओं को 3000 रूपये की राशि वितरित की गई।
9. श्रीमती अरूणा चौधरी जी की ओर से 01 छात्रा को 1500 रूपये की राशि वितरित की गई।
10. P.T.A. Self finance के अन्तर्गत 09 छात्राओं को 13500 रूपये की राशि वितरित की गई।
11. कॉलेज रैड क्रॉस Self Finance के अन्तर्गत 9 छात्राओं को 20000 रूपये की राशि वितरित की गई।

**अभिभावक शिक्षक संघ (सत्र 2023–24)**

महाविद्यालय में छात्राओं के बौद्धिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास को नए अर्थ प्रदान करने हेतू अभिभावक शिक्षक संध कार्यरत है। यह संघ प्रत्येक वर्ष प्राध्यापकों एवं अभिभावकों में परस्पर तालमेल स्थापित करके छात्राओं के उज्जवल भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। यह संघ श्रीमती मनीषा बंसल की देखरेख में चल रहा है।

**महाविद्यालय का स्थापना दिवस (सत्र 2023–24)**

प्रत्येक वर्ष 27 मार्च को महाविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

**स्वतंत्रता एंव गणतंत्र दिवस समारोह (सत्र 2023–24)**

महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस एंव गणतंत्र दिवस समारोह धूम–धाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर प्राचार्या ध्वजारोहण करती हैं

तथा प्राध्यापिकाएं, गैर शिक्षक वर्ग एवं छात्राएं देशभक्ति के गीतों के माध्यम से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित करती हैं।

**लोक संस्कृति ;सत्र 2023–24द्ध**

महाविद्यालय में प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण हेतु लोक संस्कृति केंद्र की स्थापना की गई ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति की जड़ों से जुड़कर अपने अस्तित्व को सार्थक कर सके।

**पुस्तकालय**

महाविद्यालय पुस्तकालय संपूर्ण हरियाणा प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। पुस्तकालय सदैव पुस्तकालय सदैव प्रयासरत रहता है कि नवीनतम पुस्तकों के प्रयोग से कार्य को सुगम बनाया जाए ताकि पाठकों को बिना विलंब सभी सेवाएँ प्रदान की जा सकें। नवीनतम उपलब्ध साहित्य को भी समय–समय पर पुस्तकालय में समाहित किया जाता है। वर्तमान में विभिन्न विषयों से संबंधित 43946 पुस्तकें उपलब्ध है। छात्राओं के ज्ञान में निरंतर वृद्धि हेतु 18 समाचार–पत्र व 50 पत्रिकाएं नियमित रूप से मंगवाई जाती है।

22–23 नवंबर 2024 को पुस्तकालय में दो दिवसीय पुस्तक–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में किया गया था। प्रदर्शनी में हिंदी व संस्कृत की साहित्यिक, धार्मिक, भाषा–विज्ञान, वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण, रामचरित मानस और प्रतिष्ठित साहित्याकारों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की प्राध्यापिकाओं व छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

**पूर्व छात्रा संघ (सत्र 2023.24)**

स्वर्गीय बाबू धर्मपाल जी श्रीमती सत्या भास्कर श्रीमती उषा जैन, श्रीमती गीता डावर, श्रीमती अनीता जावा, श्रीमती कांतमणी, श्रीमती नीटा ढींगड़ा, श्रीमती निरूपमा नाहल, श्रीमती जानकी लाम्बा, श्रीमती संतोष परिहार एवं श्रीमती सुषमा कामरा जैले कार्यकारिणी सदस्यों के अथक प्रयास से मई 1996 में पूर्व छात्रा संघ का गठन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य योग्य एवं जरुरतमंद छात्राओं की आर्थिक सहायता करना है। इसकी सदस्या के लिए प्रत्येक पूर्व छात्रा से 510 रूपये की राशि ली जाती है। जिसकी ब्याज राशि एवं दानवीरों की सहायता प्राप्त राशि से छात्राओं को छात्रवृत्तियाँ एवं आर्थिक सहायता दी जाती है।

1. सत्र 2023–24 में 35 छात्राओं को 85000 रूपये की राशि वितरित की गई तथा पूर्व छात्रा संघ ने मधुर मिलन समारोह आयोजित किया।

**छात्र कल्याण संघ (सत्र 2023.24)**

छात्र कल्याण संघ छात्राओं की मानसिक एवं सांस्कृतिक उन्नति के प्रति अत्यंत जागरूक रहता है। यह संघ समय–समय पर अनेक गतिविधियां क्रियान्वित करता है। जिसमें प्रति वर्ष महाविद्यालय के विभिन्न विभाग अपना सहयोग देते है। इस संघ का कार्य डॉ0 संगीता शर्मा एवं डॉ0 सीमा गुप्ता के निर्देशन में हो रहा है। इसी संघ के अन्तर्गत नव आगंतुक छात्राओं में प्रतिभा का अन्वेषण हेतु प्रतिभा अन्वेषण अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

**युवा महोत्सव (सत्र 2023.24)**

छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष युवा महोत्सव का आयोजन करता है। जिसमें छात्राओं शैक्षणिक विकास के साथ–साथ सांस्कृतिक विकास हेतु अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। युवा महोत्सव का कार्य डॉ0 मीनक्षी महाजन के निर्देशन में होता है।

**विभागीय गतिविधियां (सत्र 2023.24)**

**हिन्दी विभाग (सत्र् 2023–24)**

1. 09 सितम्बर से 14 सितम्बर, 2023 तक एच.ए.यू., हिसार में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमें हिन्दी एवं कमर्शियल आर्टस विभाग की छात्राओं ने भाग लिया।

’ भाषण प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की स्वीटी प्रथम रही।

’ काव्य–पाठ प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की मोनिका तृतीय स्थान पर रही।

’ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की निहारिका प्रथम तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की शिवानी द्वितीय स्थान पर रही।

’ स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की गणीशा प्रथम स्थान पर रही।

’ स्कैच बनाओं प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की कोमल प्रथम तथा निहारिका द्वितीय स्थान पर रही।

2. 28 सितम्बर, से 11 दिसम्बर, 2023 तक हिन्दी, संस्कृत एवं कमर्शियल विभाग द्वारा उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।

’ 07 अक्तूबर, 2023 को हिन्दी एवं संस्कृत विभाग द्वारा भाषण, काव्य–पाठ प्रतियोगिताएँ की गई।

’ भाषण प्रतियोगिता में एम.ए. संस्कृत द्वितीय वर्ष की किरण प्रथम रही। एम.ए. संस्कृत द्वितीय वर्ष की पूजा एवं मीनाक्षी द्वितीय स्थान पर रही। एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की रीना तृतीय स्थान पर रही

’ काव्य–पाठ प्रतियोगिता में एम.ए. संस्कृत प्रथम वर्ष की मीनाक्षी प्रथम रही। एम.ए. संस्कृत द्वितीय वर्ष की किरण एवं एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की मनीषा द्वितीय स्थान पर रही। एम.ए. संस्कृत द्वितीय वर्ष की ज्योति एवं एम.ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष की रविना तृतीय स्थान पर रही।

’ 20 अक्तूबर, 2023 को हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के सौजन्य से निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें एम.ए. हिन्दी द्वितीय वर्ष की मनीषा प्रथम रही। एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की ज्योति द्वितीय रही। एम.एम. कॉम द्वितीय वर्ष की रचना तृतीय स्थान पर रही।

’ 21 और 22 नवम्बर, 2023 को महाविद्यालय पुस्तकालय में हिन्दी एवं संस्कृत विभाग के सौजन्य से हिन्दी एवं संस्कृत भाषा की विविध पुस्तकों को प्रदर्शनी लगाई गई।

’ 23 नवम्बर, 2023 को हिन्दी, संस्कृत एवं कमर्शिलय आर्टस विभाग द्वारा स्लोगन लेखन, लोक कला, पेंटिंग एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

’ स्लोगन लेखन में बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा यादव प्रथम रही। एम.ए. संस्कृत प्रथम वर्ष की ममता द्वितीय एवं एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की मुस्कान तृतीय स्थान पर रही।

’ लोक कला प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की मुस्कान प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की सोनम द्वितीय एवं बी.ए. द्वितीय वर्ष की श्वेता तृतीय स्थान पर रही।

’ पेंटिंग प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की गुरप्रीत प्रथम एवं बी.ए. प्रथम वर्ष की दीपिका दूसरे स्थान पर रही।

’ पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में एम.ए. हिन्दी प्रथम वर्ष की प्रीति, दीपिका एवं मनीषा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही

**विज्ञान विभाग गतिविधियाँ (सत्र् 2023–24)**

1. 20 सितम्बर, 2023 को महाविद्यालय में विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम पाँच प्रतिभागियों को ‘जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए चुना गया।
2. 21 सितंबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में कुमारी चंदन बी.एससी. प्रथम वर्ष, मिनाक्षी, बी.एससी. प्रथम वर्ष, खुशी, बी.एससी. द्वितीय वर्ष, पूजा बी.एससी. तृतीय वर्ष और खुशी बी.एससी. प्रथम वर्ष ने भाग लिया।
3. 26 सितम्बर, 2023 को G-20 University connect कार्यक्रम का Live प्रसारण छात्राओं को दिखाया गया, G-20 की टीम ने G-20 के कार्य और परिणामों की जानकारी दी।
4. 25 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2023 तक जल कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय मत्स्य पालन प्रशिक्षण में महाविद्यालय की बी.एससी. तृतीय वर्ष की 27 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
5. अक्तूबर, 2023 में Online चंद्रयान–3 महाप्रश्नोत्तरी में महाविद्यालय की बी. एससी. की 85 छात्राओं ने भाग लिया और उन्हें सेर्टिफिकेट भी प्राप्त हुए।
6. 12 अक्तूबर, 2023 विज्ञान विभाग ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं ने जिला स्त्तरीय प्रश्नोत्तरी में भाग लिया।
7. 26 अक्तूबर, 2023 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में महाविद्यालय की दोनों टीमों को जोनल लेवल प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया। (टीम एक में कंचन बी.एससी. तृतीय वर्ष) अनिशा (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) और तमन्ना (बी.एससी. प्रथम वर्ष) की छात्राएं थी तथा टीम–2 में निशा रानी (बी.एससी. तृतीय वर्ष), प्राची (बी. एससी. द्वितीय वष), संतोष रानी (बी.एससी. प्रथम वर्ष) की छात्राएं थी।

8. 27 जनवरी, 2024 राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्दजमत क्पेजतपबज स्मअमस विज्ञान प्रदर्शनी में हमारे महाविद्यालय के 6 विभागों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

’ **भौतिकी विभाग** से हर्षिता (बी.एससी. प्रथम वर्ष) व अंकिता (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की छात्राओं ने "IR: Sensor & its Applications" विषय पर मॉडल बनाया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

’ **जीव विज्ञान विभाग** से (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) की पारूल और शालू ने "Integrated Pest Management" विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया।

’ **रसायन विज्ञान विभाग** से चंचल कुमारी (बी.एससी. तृतीय वर्ष) व प्राची (बी. एससी. द्वितीय वर्ष) की छात्राओं ने "Biomass-source Green Energy" विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

’ **पादप विज्ञान विभाग** से "Algae:। Sustainable and Versatile Solution for Bioenergy Production" विषय पर (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की निशा रानी और कंचन ने मॉडल प्रस्तुत किया।

’ **कम्प्यूटर विभाग** द्वारा AI Based Racing Car विषय पर (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की अंजू नेगी और कोमल ने मॉडल प्रस्तुत किया।

’ **भूगोल विभाग** की बी.ए. द्वितीय की कशिश गर्ग और स्नेहा जांगीड़ ने Application of Remote Sensing" विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया।

9. 31 जनवरी, 2024 को **विज्ञान विभाग** द्वारा जोनल लेवल विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। हिसार जोन के 6 जिलों के 20 महाविद्यालयों की 30 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। हमारे महाविद्यालय की टीम कंचन (बी.एससी. तृतीय वर्ष) अनिशा (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) और तमन्ना (बी.एससी. प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रही और 20,000 रूपये का नकद ईनाम प्राप्त किया।

10. 05 से 06 फरवरी, 2024 राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महाविद्यालय के भौतिक विभाग और जीव–विज्ञान विभाग के जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कृत टीमों ने भाग लिया।

11. 23 फरवरी, 2024 दयाल सिंह महाविद्यालय, करनाल में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कंचन, अनिशा और तमन्ना की टीम ने इसमें भाग लिया।

12. 28 फरवरी, 2024 को **विज्ञान विभाग** ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) की खुशी प्रथम, (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की अंजलि द्वितीय और (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) की स्वीटी तृतीय स्थान पर रही।

13. 13 मार्च, 2024 को "India Semi Conductor Mission" का Live प्रसारण किया गया।

14. 14 मार्च, 2024 को (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) और (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की 30 छात्राओं ने C.C.S. H.A.U., Hisar में मशरूम कल्चर सेंटर का दौरा किया और मशरूम कल्चर को कैसे व्यवसाय में बदला जा सकता है उसकी जानकारी प्राप्त की।
15. 14 मार्च, 2024 को (बी.एससी. द्वितीय वर्ष) और (बी.एससी. तृतीय वर्ष) की 30 छात्राओं ने C.C.S. H.A.U., Hisar में स्थित Apiculture Centre का दौरा किया और मधुमक्खी पालन की जानकारी ली।

## मनोविज्ञान विभाग (सत्र् 2023–24)

1. 20 अक्तूबर, 2023 को मनोविज्ञान विभाग द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई।
2. 02 मार्च, 2024 को मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं को ग्लोबल अस्पताल, हिसार में भ्रमण करवाया। जहाँ डॉ0 नरेन्द्र रोहिल्ला एवं डॉ0 प्रतिभा ने छात्राओं को काउंसलिंग, क्लीनिकल साइकलॉजी तथा विभिन्न मनोविकारों तथा उनकी निदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

## समाज शास्त्र विभाग (सत्र् 2023–24)

1. 19 अक्तूबर, 2023 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रेरणात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें गवर्नमैंट कॉलेज, आदमपुर के समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर सुखदेव सिहं ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने एवं सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।
2. 06 मार्च, 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें N.G.O. संचालिका गुंजन गोयल ने छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया।

## भूगोल विभाग (सत्र् 2023–24)

1. 07 मार्च, 2024 को भूगोल विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शीतल और गुनगुन की टीम प्रथम, मुकेश और आरती की टीम ने द्वितीय, दीपिका और सुनीता की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## रक्षा अध्ययन विभाग (सत्र् 2023–24)

04 मार्च, 2024 को रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा ''दक्षिण एशिया का रणनीतिक परिदृश्य और भारत की सुरक्षात्मक पहलुओं तथा वर्तमान समय में रक्षा अध्ययन विषय पढ़ने के महत्त्व'' विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय, हिसार व जी.डी.सी. मैमोरियल महाविद्यालय, बहल के पूर्व प्राचार्या डॉ0 सुरेन्द्र मिश्रा रहें।

## योग विभाग (सत्र 2023–24)

1. 07 अक्तूबर, 2023 को डॉ0 विजेता आर्य सी.एम.ओ., काया–कल्प योग प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान सोहना, गुरूग्राम, हरियाणाद्व द्वारा 'प्राकृतिक चिकित्सा के व्यावहारिक पहलू' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी।
2. 22 नवंबर से 25 नवंबर, 2023 तक फिट इंडिया सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर व्याख्यान सह प्रदर्शन की एक श्रृंखला आयोजित की गई।
   - 22 नवंबर, 2023 को डॉ0 नवीन कौशिक (जी.जे.यू. एस.एण्ड टी., हिसार) द्वारा 'अष्टांग योग' विषय पर एक व्याख्यान दिया गया था।
   - 24 नवंबर, 2023 को योग गुरु अनिल पानू (हिसार योगशाला) द्वारा व्याख्यान सह प्रदर्शन ''आसन के विभिन्न आयाम'' दिया गया था।
   - 25 नवंबर, 2023 को आचार्य प्रवीण (प्रवीण योग अकादमी) द्वारा 'योग में स्ट्रेचिंग अभ्यास' विषय पर व्याख्यान सह प्रदर्शन दिया गया था।

## गृह विज्ञान, फैशन डिजाईनिंग एवं कमर्शियल आर्टस विभाग (सत्र 2023–24)

1. 12 अगस्त से 20 अगस्त, 2023 तक **कमर्शियल आर्टस विभाग** द्वारा एड्स दिवस पर पोस्टर व स्लोगन बनाकर एड्स के प्रति जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। बी0ए0 द्वितीय वर्ष की प्रेरणा पोस्टर में प्रथम व गणिशा दूसरे स्थान पर रही।
2. 04 सितम्बर, 2023 को **कमर्शियल आर्टस विभाग** द्वारा ड्रग्स विषय पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नशीली दवाओं के बारे में जागरूकता तथा (नशा मुक्त भारत अभियान) का प्रयास किया। स्लोगन में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की शिवानी प्रथम तथा बी0ए0 तृतीय वर्ष की निहारिका दूसरे स्थान पर रही।
3. 08 से 14 सितम्बर, 2023 तक मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में स्लोगन लेखन, ड्राईंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में **कमर्शियल आर्टस विभाग** की बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा ने पोस्टर में प्रथम व ड्राईंग, पेंटिंग में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
4. 02 अक्तूबर, 2023 के उपलक्ष्य में 29 सितम्बर से 04 अक्तूबर, 2023 तक **कमर्शियल आर्टस विभाग** ने International Day of Nonviolence पर Activity का आयोजन किया और स्लोगन व स्केचिंग प्रतियोगिता करवाई गई। स्केचिंग में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की निशा  में प्रथम और स्लोगन बी0ए0 द्वितीय वर्ष की प्रेरणा  में प्रथम स्थान पर रही।
5. 25 अक्तूबर से 27 अक्तूबर, 2023 तक **गृहविज्ञान, फैशन डिजाईनिंग एवं कमर्शियल आर्टस विभाग** द्वारा संयुक्त रूप से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें श्रमती मीतू एवं सुमन ने छात्राओं को लिप्पन कला, मिरर वर्क पॉट सज्जा, मोल्डिड क्ले से कलाकृत्तियाँ बनानी सिखाई तथा व्यर्थ वस्तुओं से सजावटी सामान बनाना सिखाया। 31 अक्तूबर, 2024 को

प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में वर्कशॉप के दौरान बनाई गई वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया।

6. 02 जनवरी और 03 जनवरी, 2024 को सी0सी0एस0, एच0ए0यू0, हिसार द्वारा (शहरी खेती एक्सपो और हॉवर फेस्ट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें **कमर्शियल आर्टस विभाग** की बी0ए0 तृतीय वर्ष की निहारिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।
7. 22 जनवरी, 2024 को **कमर्शियल आर्टस विभाग** ने पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें बी0ए0 तृतीय वर्ष की निशा प्रथम तथा निहारिका दूसरे स्थान पर रही।
8. 15 और 16 फरवरी, 2024 को **फैशन डिजाईनिंग विभाग** द्वारा छात्राओं द्वारा बनाए गए परिधानों की प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें टाई और डाई, हाथ से बनाई कढ़ाई विभिन्न तकनीकों से बनाए गए वस्त्र, पैटर्न निर्माण, अपरन, छोटे बच्चों के वस्त्र बनाकर प्रदर्शित किए। छात्राओं ने 'व्यर्थ से श्रेष्ठ' के सिद्धांत पर बचे हुए कपड़ों तथा अन्य सामग्री से सजावटी वस्तुएँ भी तैयार की।
9. 26 फरवरी, 2024 को **कमर्शिलय आर्टस विभाग** द्वारा लोगो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष की पूनम और ज्योति दूसरे स्थान पर रही।
10. 08 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सुरभि आर्ट सोसायटी ने राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता आयोजित की। इस कला प्रतियोगिता में **कमर्शियल आर्टस विभाग** की बी0ए0 तृतीय वर्ष की निहारिका प्रथम व बी0ए0 द्वितीय वर्ष की गनिशा दूसरे स्थान पर रही।
11. 11 मार्च, 2023 को कमर्शियल आर्टस विभाग द्वारा एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने स्केंच, पेंटिंग, विज्ञापन कला, कले मोडिलिंग, पेपर मैसी, टूटी टाइलों से सजावट का सामान बनाया।
12. 18 मार्च, 2024 को एच.ए.यू., हिसार में "National Science Week" आयोजित किया गया जिसमें **गृहविज्ञान विभाग** के सौजन्य से अंशिका और निहारिका ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**राजनीतिक विज्ञान विभाग (सत्र् 2023–24)**

1. 23 नवम्बर, 2023 को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी0ए0 द्वितीय वर्ष की श्रेया ने प्रथम, बी0ए0 प्रथम वर्ष की हरप्रीत ने द्वितीय तथा बी0ए0 प्रथम वर्ष की ईमानशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
2. 07 फरवरी, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ईश्वर कन्या महाविद्यालय ढाण्ड, कैथल के द्वारा किया गया जिसमें बी0ए0 द्वितीय वर्ष की दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
3. 29 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय स्तर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन इाट। DAV महिला कॉलेज, करनाल के द्वारा किया गया जिसमें

20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें से 16 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके प्रमाणपत्र प्राप्त किए।

4. 06 मार्च, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारायणी वेलफेयर फॉण्डेशन की संस्थापक श्रीमती गुंजन गोयल ने छात्राओं को जीवन में उन्नति के पथ पर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
5. 07 मार्च, 2024 को इंटर कॉलेज निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत के द्वारा किया गया। जिसमें बी0ए0 द्वितीय वर्ष की कशिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
6. 04 अप्रैल, 2024 को राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संध्या, शीतल और अंकिता की टीम ने प्रथम, हर्षप्रभा, साक्षी और योगिता की टीम ने द्वितीय तथा दीपिका, प्रतिभा और प्रीति की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
7. 20 अप्रैल, 2024 को आनंद देव कॉलेज फॉर वूमेन, करनाल के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत हिन्दी की स्थिति विषय पर ऑन लाईन राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीतिक शास्त्र विभाग की बी0ए0 प्रथम वर्ष की योगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## संस्कृत विभाग (सत्र् 2023–24)

1. दिनांक 05 मार्च से 09 मार्च, 2024 तक महाविद्यालय में संस्कृत विभाग के सौजन्य से, 'यज्ञ प्रक्रियायाः वैज्ञानिकाधारः एवं वर्णोच्चारणय्' विषय पर पाँच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें पं0 मिथिलेश शास्त्री, श्री प्रमोद शास्त्री, श्रीमती सुनीता, श्रीमती अंजु मलिक एवं सुश्री कौशल्या ने छात्राओं को यज्ञ प्रक्रिया, यज्ञ थैरेपी, मन्त्रों का उच्चारण के विषय में विस्तार से बनाया।
2. दिनांक 10 अप्रैल, 2024 को श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 तृतीय वर्ष की मोनिका प्रथम, बी0ए0 द्वितीय वर्ष की कोमल द्वितीय और एम0ए0 प्रथम वर्ष की सोनम व मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रही।

## कंप्यूटर विभाग (सत्र् 2023–24)

1. 05 मार्च, 2024 को कंप्यूटर विभाग के सौजन्य से 'कंप्यूटर' विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिव्या, कोमल और हर्षप्रभा की टीम प्रथम, निकिता, रश्मि और कोमल की टीम द्वितीय तथा अंजलि, सोनिका और दीक्षा की टीम तृतीय स्थान पर रही।

## एन.सी.सी. गतिविधियाँ (सत्र् 2023–24)

श्रीमती सुनीता रहेजा के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने देशव्यापी गतिविधियों में भाग लिया।

1. 19 दिसम्बर, 2022 को एड्स जागरूकता फैलाने के लिए कॉलेज से रैली निकाली गई जिसमें 80 कैडेट्स ने भाग लिया।

2. 25 अप्रैल से 14 जुलाई, 2023 मलौट, पंजाब में BLC कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें चैलसी ने गायन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान तथा मैडल प्राप्त किया।
3. 30 मई, 2023 को पौधारोपण कराया गया जिसमें सभी एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लिया।
4. 16 मई, 2023 को प्लास्टिक बैग उपयोग न करने पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें 82 कैडेट्स ने भाग लिया।
5. 02 से 11 जून, 2023 को सैंट जोसेफ स्कूल, हिसार में ATC-102 कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ईशा, रीतिका, रीतू और सोनिया ने लिखित परीक्षा में मैडल प्राप्त किया। ड्रील में 9 कैडेट्स ने भाग लिया तथा पहला स्थान प्राप्त किया और ट्रॉफी हासिल की। फोटोग्राफी में खुशी और सोनू को मैडल दिया गया। रीतू को निबंध लेखन प्रतियोगिता में मैडल दिया गया। गार्ड ऑफ ऑनर में प्रीति पूनिया, सोनिया, निशा, सोनू को मैडल दिया गया।
6. 17 से 26 जून, 2023 को श्री सांई विश्वविद्यालय, पालमपुर में ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सोनिया ने भाग लिया।
7. 21 जून, 2023 को गूजरी महल, हिसार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट्स ने भाग लिया।
8. 05 से 14 जुलाई, 2023 तक गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में CATC-104 कैंप का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया और चैलसी को कैंप सीनियर बनाया गया और ट्रॉफी हासिल की, ड्रील में 9 कैडेट्स ने भाग लिया और ट्राफी हासिल की, नीतू को फोटोग्राफी के लिए मैडल, अनिशा तथा सविता वर्मा को बेस्ट कैड्ेट के लिए मैडल, प्रीति जागलन को बेस्ट पायलट के लिए गोल्ड मैडल, कविता और अनुराधा को सीम्यूलेटर फायरिंग के लिए गोल्ड मैडल तथा प्रीति पूनिया को TSC सीनियर के लिए गोल्ड मैडल दिया गया।
9. 15 से 24 जुलाई, 2023 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में CATC कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ईशा तथा सोनम ने भाग लिया।
10. 26 जुलाई, 2023 को कारगिल दिवस वेबिनार आयोजित कराया जिसमें 31 कैडेट्स ने भाग लिया और खुशबू, सोनम, ललिता प्रीति, अनुराधा ने नृत्य में और स्वाति ने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया।
11. 07 से 16 अगस्त, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग स्कूल, रूपनगर में Pre TSC-1, CATC-160 का आयोजन किया जिसमें ईशा और सोनम ने बढ़–चढ़कर भाग लिया जिसमें ईशा ने श्रक्टै में गोल्ड मैडल तथा सोनम ने शूटिंग में गोल्ड मैडल हासिल किया।
12. 14 अगस्त, 2023 को ''मेरी माटी मेरा देश'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें सभी कैडेट्स ने भाग लिया।
13. 15 अगस्त, 2023 को महावीर स्टेडियम, हिसार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस की परेड में 6 कैडेट्स ने भाग लिया।

14. 17 से 26 अगस्त, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग स्कूल, रूपनगर में CATC-161 (Pre TSC-2) का आयोजन हुआ जिसमें सोनम और ईशा ने भाग लिया।
15. 30 अगस्त, 2023 से 8 सितंबर, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग स्कूल, रूपनगर में CATC-162 (Pre TSC-3) का आयोजन हुआ जिसमें सोनम और ईशा का चयन हुआ।
16. 07 से 18 सितंबर, 2023 तक घड़ी कार्ट, देहरादून में ALC कैंप का आयोजन हुआ जिसमें चैलसी को डायरैक्टरेट सीनियर के लिए गोल्ड मैडल दिया और कैम्प सीनियर बनाया गया।
17. 11 से 20 अक्तूबर, 2023 तक बी.आर.सी.एम. बहल, भिवानी में CATC-114 कैंप का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया, प्रीति पूनिया, सोनम, नीतू, शीतल, दीक्षा ने भाग लिया।
18. 16 से 27 अक्तूबर, 2023 तक भारत एंड स्काउट गाइड बिल्डिंग, अम्बाला में AATC कैंप का आयोजन हुआ जिसमें मनीषा, निशा और खुशी का चयन हुआ।
19. 23 अक्तूबर 2023 से 01 नवंबर, 2023 तक गर्वन्मैंट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, डारावली में CATC-170 कैंप का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया ने भाग लिया।
20. 14 से 20 नवंबर, 2023 तक बी.आर.सी.एम., बहल, भिवानी में CATC-117 कैंप में सोनिया का चयन हुआ।
21. 21 से 28 नवंबर, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग, अकादमी, रोपड़ में IGC-2023 कैंप का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया का चयन हुआ।
22. 24 नवंबर, 2023 को महाविद्यालय परिसर की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 15 कैडेट्स ने रक्तदान किया।
23. 29 नवंबर से 06 दिसंबर, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग अकैडमी, रोपड़ में Pre RDC-1 का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया का चयन हुआ।
24. 18 से 20 दिसंबर, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग अकैडमी, रोपड़ में Pre RDC-2 में सोनिया का चयन हुआ।
25. 21 से 27 दिसंबर, 2023 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग अकैडमी, रोपड़ में Pre RDC-3 में सोनिया का चयन हुआ।
26. 28 दिसंबर से 28 जनवरी, 2024 तक डी.जी. एन.सी.सी., नई दिल्ली में RDC-2024 का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया का चयन हुआ।
27. 26 जनवरी, 2024 को महाबीर स्टेडियम, हिसार में आयोजित गणतन्त्र दिवस की परेड में 07 कैडेट्स ने भाग लिया।
28. 29 जनवरी से 04 फरवरी, 2024 तक एन.सी.सी. ट्रेनिंग अकैडमी, रोपड़ में डी–कीटिंग कैंप का आयोजन हुआ जिसमें सोनिया का चयन हुआ।

29. 17 फरवरी, 2024 को, मिर्जापुर गांव में शहीद लेफ्टिनेंट हवा सिंह को श्रद्धांजलि दी गई और सफाई अभियान चलाया जिसमें 08 कैडेट्स ने भाग लिया।

30. 15 जनवरी, 2024 को Skill Development के विषय पर पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और मुस्कान खुशबू, ईशा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

31. 19 जनवरी, 2024 को 3HAR (G) BN, NCC के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्राकश पांडेय ने महाविद्यालय का दौरा किया और अपने प्रेरक भाषण से सभी को प्रोत्साहित किया।

32. 29 फरवरी, 2024 को महाविद्यालय की NCC इकाई ने शाहपुर, हिसार में महिला साक्षरता पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें 20 कैडेट्स ने भाग लिया।

33. 04 अप्रैल, 2024 को महाविद्यालय की NCC इकई ने मतदान जागरूकता पर रैली निकाली जिसमें सभी कैडेट्स ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)
**(सत्र 2023–2024)**

सत्र 2023–24 में छै का कार्य डॉ0 पल्लवी आर्या और श्रीमती अल्पना के निर्देशन में हुआ।

1. 10 जुलाई, 2023 को कैमरी गांव में ''जल बचाओ'' विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने गाँव में घर–घर जाकर लोगों को जल के संरक्षण के विषय में जागरूक किया।
2. 26 जुलाई, 2023 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस उत्सव मनाया गया। महाविद्यालय की 52 स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया।
3. डपदपेजतल of Youth and Sports द्वारा निर्धारित कार्य "NEET Survey" के अन्तर्गत 35 छात्राओं के दल ने एन.एस.एस. P.O. डॉ0 पल्लवी आर्या एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता के निर्देशन में गाँव कैमरी एवं मोडाखेड़ा में बेरोजगार युवाओं का Survey and Data Collection किया ताकि भविष्य में इन युवक–युवतियों को रोजगार से सम्बन्धित अवसर भारत सरकार द्वारा प्राप्त कराया जाए।
4. 13 जुलाई, 2023 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में "Grow Food, Not Tobacco" विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कोमल बी.ए. तृतीय वर्ष को तृतीय स्थान तथा सोनिया बी.ए. तृतीय वर्ष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

5. 18 जुलाई से 24 जुलाई, 2023 तक इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी, मीरपुर, रेवाड़ी में दिनांक नेशनल इंटीग्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। स्विटी बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया।

6. 21 जुलाई, 2023 को महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया। प्रबन्धकर्त्री समिति के प्रधान श्री रामकुमार जी रावलवासिया, समिति के अन्य सदस्य, प्राचार्या डॉ0 अनीता सहरावत ने एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में 40 औषधीय एवं फूलदार पौधों का रोपण किया।

7. भारत सरकार द्वारा ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत देश भर में ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान चलाया गया। दिनांक 9 अगस्त से 15 अगस्त, 2023 तक चलने वाले इस अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 14 अगस्त को एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने देशभक्ति गीत, कविता, पाठ के माध्यम से वीर शहीदों के प्रति अपने विचारों को व्यक्त किया एवं उनके बलिदान को याद किया। दिनांक 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस पर स्टॉफ एवं छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में तिरंगा फहराया और भाषण एवं कविताओं के माध्यम से वीर शहीदों को याद किया गया। दिनांक 18 अगस्त को स्वयंसेविकाओं ने ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के तहत शपथ ग्रहण की एवं इस अभियान का समापन 19 अगस्त, 2023 को ''वीरों का वंदन'' गतिविधि के माध्यम से किया गया।

8. 21 अगस्त, 2023 को एच.ए.यू., हिसार के इंदिरा गांधी ऑडीटोरियम में "World Entrepreneurship Day" मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं को "Job Provider" बनने हेतु विषय पर जानकारी दी गई। P.O. डॉ0 पल्लवी आर्या एवं श्रीमती अल्पना गुप्ता के साथ 56 एन.एस.एस. वॉलन्टियर्स ने हिस्सा लिया।

